यह शिकायतें आती हैं उन पर गौर किया जाता है ।

**श्री क० ना० तिवारी** : एक तरफ तो आप कहते हैं कि खाद नहीं मिल रहा है । दूसरी तरफ सिंदरी फर्टिलाइजर्स को 2 करोड़ रुपये का घाटा पड़ा है । और वह घाटा इस लिये पड़ रहा है कि उस में जो रा मैटीरियल लगता है वह हम नहीं मंगाते हैं, उस पर फारेन एक्स्चेन्ज नहीं खर्च करते हैं । लेकिन बाहर से ज्यादा फारेन एक्सचेन्ज खर्च कर के फर्टिलाइजर मंगा रहे हैं. . . . .

**अध्यक्ष महोदय** : यह तो आप आर्गू कर रहे हैं ।

**श्री क० ना० तिवारी** : क्या सरकार इस बात पर विचार करेगी कि ऐसा इन्तजाम हो कि यहां सिंदरी फक्ट्री में ज्यादा फर्टिलाइजर तैयार किया जाये ।

**श्री शाहनवाज खां** : हुकूमत इस के लिये फर्टिलाइजर फैक्ट्रियों की तादाद बढ़ा रही है ।

**Locust Control**

\+

*929. **Shri Yashpal Singh:**
**Dr. L. M. Singhvi:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**
**Shri R. G. Dubey:**
**Shrimati Savitri Nigam:**
**Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri Himatsingka:**
**Shri Rameshwar Tantia:**
**Shri D. C. Sharma:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether Government propose to purchase more planes for purposes of plant protection and locust control; and

(b) if so, the number thereof, the expenditure involved and where they would be located?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri Shahnawaz Khan)**: (a) Yes, Sir. It is proposed to acquire more aircraft either by purchase or under some AID Programme.

(b) The details are being worked out.

**श्री यशपाल सिंह** : रोटी रोजी मांगने वाले मजदूरों के खिलाफ जिस आंसू गेस का प्रयोग किया जाता है क्या वह लोकस्ट कंट्रोल के लिए नहीं इस्तेमाल की जा सकती है ।

**श्री शाहनवाज खां** : मैं माननीय सदस्य को यह बतलाऊं कि यह एअरक्राफ्ट जो है वह कीड़े मारने के लिए है लोगों की आंखों में आंसू लाने के लिए नहीं है ।

**श्री यशपाल सिंह** : क्या सरकार यह बतला सकती है कि यह जहाज बाहर से मंगाये जायेंगे या हमारी एच० ए० एल० फेक्ट्री से बन कर आयेंगे ।

**श्री शाहनवाज खां** यह बाहर से मंगवाये जाते हैं ।

**श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : मैं जानना चाहता हूं कि जो जहाज खरीदे जायेंगे बाहर से उन पर कितना धन लगेगा ।

**श्री शाहनवाज खां** : हमारा इरादा ह कि हम शुरू में 18 जहाज खरीदें । उन की कीमत करीब 26 लाख रु० आयेगी ।

**Shri D. C. Sharma:** How much loss do we suffer every year on account of the inadequacy of locust control in our country? May I know whether this loss has been mounting up during the last few years or it has been going down?

**Shri Shahnawaz Khan:** The estimated loss to our crops due to locust and other diseases and pests is about 10 to 15 per cent, which in value of money comes to Rs. 1,000 crores.

**Mr. Speaker:** Is it mounting or decreasing?

**Shri Shahnawaz Khan:** We are trying to decrease it.

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : मैं जानना चाहता हूं कि यह जो एअरक्राफ्ट आप बाहर से मंगा रहे हैं उन के अतिरिक्त भी कोई प्रावधान क्या हो सकते हैं जिन से आप इस समस्या को हल करने की कल्पना करते हैं ।

**श्री शाहनवाज खां** : : टिड्डी मारने के लिए एक तो हवाई जहाज से स्प्रे किया जाता है दूसरे जो हापर्स होते हैं उन के पर निकलने से पहले खाइयां खोद कर उन को उन खाइयों में दबा दिया जाता है ।

**Shri Vidya Charan Shukla:** Is it not a fact that Hindustan Aircraft Limited has produced a plane which is specially designed for such operations? In view of that, what are the reasons for Government importing these planes instead of purchasing from Hindustan Aircraft Limited?

**Shri Shahnawaz Khan:** This is a very special type of aircraft, and it has to be fitted with special gears,

**Shri Vidya Charan Shukla:** Have they consulted Hindustan Aircraft Ltd.?

**Shri Shahnawaz Khan:** The availability of the local aircraft is not so much that we can go in for it.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार यह उचित समझती है कि फसलों का बीमा कराया जाये क्योंकि इस से बहुत लाभ हो सकता है ।

**अध्यक्ष महोदय** : टिड्डियों के बरखिलाफ कोई बीमा नहीं करेगा ।

**श्री बड़े** : रिपोर्ट में है कि यदि टिड्डियों से नुक्सान होता है तो उसी वक्त उन को फसलों का बीमा करना चाहिये । Insurance of the crops if destroyed by pests इस के बारे में आप ने क्या विचार किया है ।

**अध्यक्ष महोदय** : यह सवाल तो हवाई जहाज के बारे में है कि वह बाहर से मंगवाय जायें या नहीं । इस लिये यह सवाल पैदा नहीं होता ।

**Shri S. Kandappan:** I would like to know whether there is any scheme with the Government to supply small power sprayers to the farmers?

**Shri Shahnawaz Khan:** Yes, Sir. we have already a scheme for the manufacture of sprayers in the country.

## गांवों में डाक सेवायें

*930. **श्री तन सिंह** : क्या **सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्राम पंचायतों द्वारा डाक सेवायें चलाये जाने की संभावनाओं पर डाक तथा तार विभाग से परामर्श किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या पंचायतों द्वारा डाक सेवाएं चलाये जाने के प्रयोग किये गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनका क्या परिणाम रहा ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Community Development and Co-operation (Shri B. S. Murthy):** (a) Yes, Sir. A suggestion was made to the Posts and Telegraphs Department in 1960 that the responsibility of running extra departmental Post Offices be entrusted to those Panchayats which asked for it.